भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 6222
दिनांक 02 अप्रैल, 2026

कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का उत्पादन

6222. श्री दिलीप शइकीयाः
श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैयाः
श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाहः
श्री बिद्युत बरन महतोः
श्रीमती अपराजिता सारंगीः
श्री प्रवीण पटेलः
श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरीः
श्रीमती कमलेश जांगड़ेः
श्री प्रदीप कुमार सिंहः
श्री लुम्बाराम चौधरीः
श्री रमेश अवस्थीः
श्री तेजस्वी सूर्याः
श्री दिनेशभाई मकवाणाः
श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटीः
श्री चन्द्र प्रकाश जोशीः
श्री प्रताप चंद्र षडङ्गीः
श्रीमती कमलजीत सहरावतः
श्री माधवनेनी रघुनंदन रावः
डॉ. विनोद कुमार बिंदः

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा देश की ऊर्जा आयात पर बढ़ती निर्भरता को देखते हुए घरेलू कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन के लिए हाल ही में कोई मूल्यांकन किया गया है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन स्तर सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध के तनाव के बीच विदेशों से तेल के स्थिर आयात को सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) और (ख) सरकार देश में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन की लगातार निगरानी और आकलन करती है। गत तीन वर्षों के दौरान उत्पादित कच्चे तेल और गैस की मात्रा निम्नानुसार है:

	2022-23	2023-24	2024-25
कच्चा तेल उत्पादन (एमएमटी)	29.18	29.36	28.71
सकल उत्पादन (बीसीएम)	34.45	36.43	36.13

स्रोत: पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ
एएमएमटी: मिलियन मीट्रिक टन बीसीएएम: बिलियन घन मीटर

(ग) और (घ) कच्चे तेल की आपूर्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी एक क्षेत्र से कच्चे तेल पर निर्भरता के जोखिम को कम करने के लिए तेल और गैस सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (पीएसईज), जो बोर्ड द्वारा संचालित कंपनियां हैं, अपनी तकनीकी और वाणिज्यिक आवश्यकताओं के आधार पर विभिन्न स्रोतों से कच्चा तेल प्राप्त करती हैं। वर्तमान में, ये पीएसईज मिडिल ईस्ट के पारंपरिक आपूर्तिकर्ताओं के अलावा संयुक्त राज्य अमेरिका, नाइजीरिया, अंगोला, कनाडा, कोलंबिया, ब्राजील और मैक्सिको जैसे नए आपूर्तिकर्ताओं सहित 41 देशों से कच्चा तेल आयात करती हैं।

*****